# मुख्यमंत्री नारी सशक्तीकरण योजना की घोषणा

## चर्चा में क्यों?

26 सितिंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने **महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने** के लिये **'मुख्यमंत्री नारी सशक्तीकरण योजना'** प्रारंभ करने की घोषणा की।

## प्रमुख बिंदु

- इस योजना के अंतर्गत **उत्तराखंड की महिलाओं को स्वरोज़गार के लिये ऋण उपलब्ध कराया** जाएगा। इससे **महिलाएँ आर्थिक स्वावलंबी** बनेंगी।
- इस योजना के तहत महिलाओं को दिये गए ऋण में **30 प्रतिशत अथवा 1 लाख रुपए तक की सब्सिडी** प्रदान की जाएगी।
- इस योजना का लाभ अविवाहित, तलाकशुदा, विकलांग आदि महिलाएँ प्राप्त कर सकेंगी।
- इस योजना के क्रियान्वयन हेतु शहरी क्षेत्रों में **महाप्रबंधक, ज़िला उद्योग केंद्र** तथा **ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति** गठित की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-women-empowerment-scheme